गुरुवार, 24 मार्च 2022
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
# दैनिक जागरण
www.jagran.com

रूस के ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद भारत अमेरिका का खास साझेदार 13

25 साल की बार्टी ने टेनिस को कहा अलविदा 12





# डीपीएस के प्राचार्य ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड से सम्मानित

**जागरण संवाददाता, आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा को एकेएस एजुकेशन संस्थान की ओर से ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड- 2021 से सम्मानित किया गया है। ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड - 2021 समारोह का आयोजन 26 फरवरी 2022 को द लीला एंबिएंस होटल गुरुग्राम में होना था, किंतु कोरोना संक्रमण के चलते इस समारोह को विगत दिन वर्चुअल माध्यम से ही किया गया। एकेएस एजुकेशन संस्थान द्वारा समाज तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली विशिष्ट प्रतिभाओं को आगे लाने व प्रोत्साहित करने के उदेश्य से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। शिक्षा, चिकित्सा, खेल, शोध तथा आविष्कार के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों तथा योगदान के लिए वैश्विक स्तर पर यह पुरस्कार प्रदान प्रतिवर्ष दिया जाता हैं। 34 से भी अधिक देशों के शिक्षाविदों को इस अवार्ड की नामांकन सूची में शामिल किया गया था। विशेषज्ञों की समिति द्वारा नामांकित व्यक्तियों के साथ विशिष्ट विषयों पर गहन चर्चा और उनके प्रोफ़ाइल के हर पहलू पर विचार-विमर्श के बाद ही अवार्ड हेतु नाम प्रस्तावित किया जाता है। वर्ष 2021 के ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल असनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु चयनित सूची में शामिल किया गया। इस सूची में सम्मिलित किया जाना स्वयं में एक गौरव का विषय है। अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों ने प्राचार्य को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में कार्य करने पर स्वबं को गौरवान्वित अनुभव किया। अभिभावकों ने भी प्राचार्य की इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।